**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1488**
**दिनांक 13 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ**

# ऊर्जा दक्षता युक्त बीएलडीसी सीलिंग फैन को बढ़ावा देना

**1488. श्री पुष्पेंद्र सरोजः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण और बढ़ते तापमान को देखते हुए देश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने और वितरण कंपनी (डिस्कॉम) की अधिकतम मांग को प्रबंधित करने के लिए ऊर्जा दक्षता युक्त ब्रशलेस डायरेक्ट करंट (बीएलडीसी) सीलिंग फैन को बढ़ावा दिया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार समग्र सामाजिक लाभों को देखते हुए विशेष रूप से घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए नए और अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन शुरू करने और पारंपरिक पंखों के बड़े पैमाने पर प्रतिस्थापन और समयबद्ध तरीके से अत्यंत ऊर्जा दक्ष फैन को अपनाने के लिए डिस्कॉम को अधिदेशित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) :** विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक संगठन, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) अनिवार्य व्यवस्था के अंतर्गत सीलिंग फैन के लिए मानक और लेबलिंग (एस एंड एल) कार्यक्रम को लागू कर रहा है। मौजूदा कार्यक्रम में 600 मिमी से 1500 मिमी का स्वीप आकार शामिल है और इसमें सीलिंग पंखों के 492 ब्रांडों के 4261 मॉडल शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, लगभग 79 लाख 4 और 5-स्टार रेटेड सीलिंग पंखे निर्मित किए गए, जिनमें से 65 लाख ब्रशलेस डायरेक्ट करंट (बीएलडीसी) पंखे हैं।

इसके अलावा, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की एक संयुक्त उद्यम कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने ऊर्जा दक्ष बीएलडीसी पंखों को बढ़ावा देने के लिए पहल की है और पूरे भारत में ईईएसएल द्वारा लगभग 1.0 लाख बीएलडीसी पंखे बेचे गए हैं।

**(ख) :** विद्युत मंत्रालय द्वारा ऐसे किसी प्रोत्साहन पर विचार नहीं किया जा रहा है।

****************